कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई
//द्वितीयः निविदा आमंत्रण सूचना//

क./जन स्वा. वि./861/2021/ भिलाई, दिनांक 23/10/21

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रान्तर्गत आवारा कुत्तों को पकड़कर बधियाकरण किये जाने हेतु अनुभवी पंजीकृत/एन.जी.ओ., सामुदायिक संगठन जो उक्त कार्य करने के इच्छुक से मुहरबंद निविदा स्पीडपोस्ट के माध्यम से दिनांक 15.11.2021 को सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 16.11.2021 को 11:00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अवकाश के अवधि में अगले कार्य दिवस निविदा खोली जावेगी। द्वितीय निविदा में भाग लेने हेतु दिनांक 08.11.2021 को 5:30 बजे तक निगम मुख्य कार्यालय जन स्वास्थ्य विभाग में आवेदन शुल्क रू. 750.00 जमा कर निविदा फार्म प्राप्त की जा सकती है।

क्र.	कार्य का विवरण .	संख्या	निविदा लागत	आवेदन शुल्क	कार्यावधि	निविदा फार्म
1	आवारा कुत्तों को पकड़कर बधियाकरण करने बाबत्।	2500	14,72,500.00	750.00	12 माह	"बी "

नियम शर्तें:– 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। 2. निविदा स्पीड पोस्ट एवं रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। 3.एफ.डी.आर कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई के नाम से जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र लिफाफा "क" में प्रस्तुत करना होगा तथा निविदा दर लिफाफा "ख" में प्रस्तुत करना होगा, उक्त दोनो लिफाफा दस्तावेज सहीत बड़ा लिफाफा "ग" में रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। 4. समस्त कर सहित दरें प्रस्तुत करना होगा। 5. आवेदन पत्र के साथ वाणिज्य कर कार्यालय का पंजीयन प्रमाण–पत्र, संस्था किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में काली सूची में दर्ज नहीं है के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। 6. ऑफरदाता को किसी शासकीय संस्था/ नगरीय निकाय से संबंधित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। 7. ऑफरदाता को उक्त कार्य कराने हेतु संबंधित डॉक्टर का डिग्री/पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।8. सम्पूर्ण निविदा अथवा किसी भी अंश को स्वीकृत करने अथवा न करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा। 9. शासन के आदेश दिनांक 19.01.2012 के अनुसार अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत कम निविदा दर होने पर सफल निविदाकार को निविदा दर एवं अनुमानित लागत के 90 प्रतिशत के अंतर की राशि के समतुल्य परफार्मेंस गारंटी के रुप में एफ.डी.आर. जमा करना होगा। 10. किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। 11. निविदा नगर पालिक निगम भिलाई के वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com अथवा www.uad.cg.gov.in से निविदा देखी जा सकती है। निविदाकार को संलग्न किये जाने वाले समस्त दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

संलग्न :– एन.आई.टी.

23/10/21
कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
भिलाई